भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 438**
दिनांक 20, जुलाई 2021 को उत्तरार्थ

**चौदहवां वित्त आयोग**

†438. श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः

क्या पंचायती राज मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चौदहवें वित्त आयोग (एफएफसी) के अनुसार अनुदान ग्राम पंचायतों को प्रदान किया जाता है और यदि हां, तो आंध्र प्रदेश राज्य के लिए जारी की गई और उपयोग की गई राशि कितनी है;

(ख) क्या सरपंच की चेक आहरण शक्ति वापस ली जा सकती है और ग्राम राजस्व अधिकारी को सौंपी जा सकती है और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) राष्ट्रीय ग्राम स्वराज योजना और चौदहवें वित्त आयोग की परियोजना के तहत कितना कम्प्यूटरीकरण कार्य पूर्ण किया गया है; और

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य में, विशेष रूप से श्रीकाकुलम जिले में, गांवों और ग्राम पंचायतों में ऑनलाइन सेवाओं के प्रावधान के लिए कितने सामान्य सेवा केंद्रों की स्थापना की गई है?

**उत्तर**

पंचायती राज राज्यमंत्री
(श्री कपिल मोरेश्वर पाटील)

(क) चौदहवें वित्त आयोग (एफएफसी) के तहत 2015-2020 की अवधि के लिए, आंध्र प्रदेश सहित 26 राज्यों में संविधान के भाग IX के तहत गठित ग्राम पंचायतों को 2,002,92,20 करोड़ रुपये आवंटित किया गया था। इसमें से कुल 1,83,248.54 करोड़ रुपये (91.49%) राज्यों को जारी किए गए थे। आंध्र प्रदेश राज्य को एफएफसी अनुदानों के आवंटन और जारी राशि का विवरण नीचे दिया गया है:

(रुपये करोड़ में)

| 2015-16 | | 2016-17 | | 2017-18 | | 2018-19 | | 2019-20 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आवंटन | जारी | आवंटन | जारी | आवंटन | जारी | आवंटन | जारी | आवंटन | जारी |
| 934.34 | 928.41 | 1463.45 | 1454.05 | 1686.85 | 1675.88 | 1947.32 | 1729.23 | 2622.13 | 2336.56 |

आंध्र प्रदेश राज्य सरकार ने सूचित किया है कि एफएफसी के तहत राज्य को जारी की गई पूरी राशि का उपयोग कर लिया गया है।

(ख) पंचायत, 'स्थानीय सरकार' होने के नाते, एक राज्य का विषय है और भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची का हिस्सा है। सरपंचों की चेक आहरण सहित वित्तीय शक्तियां संबंधित राज्य सरकारों के वित्तीय नियमों सहित पंचायती राज अधिनियमों और नियमों द्वारा शासित होती हैं।

(ग) देश भर में 201679 ग्राम पंचायतों/ग्रामीण स्थानीय निकायों के पास कंप्यूटर है जिसमें 4146 ग्राम पंचायतें को राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) योजना के तहत कंप्यूटर उपलब्ध कराए गए हैं। एफएफसी के तहत, जिन ग्राम पंचायतों में पास कोई कंप्यूटर नहीं है, उन्हें कंप्यूटर और सहायक उपकरण की खरीद के साथ-साथ वार्षिक रखरखाव अनुबंध की लागत की अनुमति दी गयी है।

(घ) आंध्र प्रदेश राज्य सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, राज्य में कुल 15004 सामान्य सेवा केंद्रों स्थापित किए गए हैं। श्रीकाकुलम जिले में सामान्य सेवा केंद्रों की संख्या 878 है।

*****